नामांक Roll No.

No. of Questions – **38**

V-105

No. of Printed Pages – **8**

व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा-IX) परीक्षा, 2017

लेवल – प्रथम वर्ष

विषय – खुदरा

समय : 2 घण्टे **पूर्णांक: 30**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में निर्धारित शब्द-सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर-पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या 11 से 30 तक एक पंक्ति में उत्तर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या 31 से 36 तक दो से चार पंक्तियों में उत्तर लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या 37 एवं 38 के दो पृष्ठ तक उत्तर लिखें ।

खण्ड – अ

I. सही विकल्प चुनें । **(10 × ½ = 5)**

1. एक अच्छे रिटेल स्टोर में उपलब्ध होना चाहिए **$\frac{1}{2}$**

(अ) स्वच्छ प्रवेश द्वार (ब) स्वच्छ पेयजल

(स) स्वच्छ शौचालय (द) उपरोक्त सभी

2. निम्नलिखित में से अर्थपूर्ण और सही वाक्य का चयन करें : **$\frac{1}{2}$**

(अ) मैं बहुत प्रसन्न हूँ । (ब) मुझे पसंद है संतरें ।

(स) मैं हूँ खेलता फुटबॉल । (द) वह नाचती हैं कत्थक ।

3. 'कॉर्पोरेट रिटेल चेन' को यह भी कहते हैं – **$\frac{1}{2}$**

(अ) फ्रेंचाइजी (ब) चेन रिटेलर

(स) स्वतंत्र रिटेलर (द) कोई नहीं

4. हैण्डलिंग की गतिविधियों में शामिल है – **$\frac{1}{2}$**

(अ) प्राप्त करना (ब) बेचना

(स) विज्ञापन करना (द) नष्ट करना

5. ब्यूटी सैलून सेवा किस उत्पाद का उदाहरण है ? **$\frac{1}{2}$**

(अ) वास्तविक (ब) अवास्तविक

(स) उपरोक्त दोनों (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

6. सामग्री प्रबंधन का प्रयोजन नहीं है – $\frac{1}{2}$

(अ) समय को बचाना (ब) वस्तुओं की सुरक्षा

(स) वस्तुओं की स्थिति बिगाड़ना (द) मितव्ययिता लाना

7. अच्छी ग्राहक सेवा के मूल तत्त्वों में शामिल है – $\frac{1}{2}$

(अ) संचार कौशल (ब) सुनने की कला

(स) प्रभावी आमने-सामने की बातचीत (द) उपरोक्त सभी

8. निम्न में से कौन सी वस्तु अर्द्ध-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तु की श्रेणी में वर्गीकृत नहीं हो सकती ? $\frac{1}{2}$

(अ) कपड़े (ब) जूतें

(स) कार (द) होम फर्नीशिंग

9. सामान ले जाने की प्रक्रिया में कौन से जूते पहनने चाहिए ? $\frac{1}{2}$

(अ) कम ऐड़ी व उचित फिटिंग वाले (ब) ऊँची ऐड़ी वाले

(स) फिसलने वाले (द) ढीले-ढाले

10. सामान्यत: मेलजोल की शुरुआत किससे होती है ? $\frac{1}{2}$

(अ) रोकथाम (ब) अभिवादन

(स) आशा (द) उपचार

खण्ड – ब

II. (A) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए । **(10 × ½ = 5)**

11. ब्रैन्ड लेबल का उपयोग किसी ब्रैन्ड को ________ बनाने के लिए किया जाता है । ½

12. एक थोक विक्रेता विनिर्माता तथा ________ के बीच कड़ी का काम करता है । ½

13. ग्राहक अधिकांश निर्णय ________ रूम में लेते हैं । ½

14. प्रेषक अपने संदेश को शब्दों में ________ करता है । ½

15. उपकरण में कार्य करने के लिए पर्याप्त ________ होनी चाहिए । ½

16. पुस्तक ________ उत्पाद का उदाहरण है । ½

17. पुलिस स्टेशन पर कॉल करने का आपातकालीन टेलीफोन नं ________ है । ½

18. भारत में रिटेल उद्योग में ________ और असंगठित दोनों क्षेत्र शामिल हैं । ½

19. संपूर्ण विनिर्माण प्रक्रिया में “कोई आवागमन नहीं, कोई ________ नहीं” का उपयोग व्यावहारिक रूप से शायद ही किया जा सके । ½

20. दूध ________ वस्तु का उदाहरण है । ½

(B) अधिकतम एक लाइन में उत्तर दीजिए : **(10×½=5)**

21. फ्रेंचाइजिंग रिटेलिंग क्या है ? ½

22. लाल रंग के अग्निशामक यंत्र में आग बुझाने के लिए कौन सी सामग्री पायी जाती है ? ½

23. संगठित रिटेलिंग का क्या अर्थ है ? ½

24. मार्किंग से क्या तात्पर्य है ? ½

25. प्रश्न बनाते समय वाक्य किन शब्दों से शुरू होने चाहिए ? ½

26. भारत में संगठित रिटेलिंग के कोई दो उदाहरण लिखिए । ½

27. एक रिटेलर के तौर पर ग्राहक का स्वागत कैसे करना चाहिए ? ½

28. उच्च मूल्य के उत्पाद किस सामाजिक वर्ग द्वारा खरीदे जाते हैं ? ½

29. स्पेशिएलिटी स्टोर की कोई एक विशेषता बताइए । ½

30. एक पूरा वाक्य बनाने के मुख्य तत्त्व क्या हैं ? ½

खण्ड – स

III. दो से चार पंक्तियों में उत्तर दीजिए । **(6×1½=9)**

31. पैकेजिंग की किन्हीं तीन विधियों का वर्णन कीजिए । **1½**

32. रिटेलर्स की किन्हीं तीन अनिवार्य आवश्यक्ताओं को लिखिए । **1½**

33. संवाद चक्र का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए । **1½**

34. बार कोड रीडर भुगतान प्रक्रिया के समय को किस प्रकार कम करता है ? **1½**

35. वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने (हैण्डलिंग) में जोखिम कम करने के व्यावहारिक उपाय लिखिए । **1½**

36. ग्राहक का लिंग (पुरुष/स्त्री) उसकी रिटेलिंग गतिविधियों को कैसे प्रभावित करता है ? **1½**

खण्ड – द

IV. दो पृष्ठों तक में उत्तर दीजिए : **(2×3=6)**

37. कार्यस्थल पर उत्पीड़न से सुरक्षा हेतु आवश्यक सुझाव लिखिए । **3**

अथवा

कार्यस्थल पर आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु कर्मचारियों को किन बातों की जानकारी होनी चाहिए ?

38. बायोडेटा का प्रारूप तैयार करें । **3**

DO NOT WRITE ANYTHING HERE